Sl. No. :

MHN(F)06

Total No. of Pages : 3

Final Year M.A. (Non - CBCS) Degree Examination, September/October - 2023

(SLM - Scheme)

HINDI (हिन्दी)

Course - VI : Old Hindi Poetry

प्रश्न पत्र - VI : प्राचीन हिन्दी काव्य

Time : 3 Hours **Max. Marks : 80**

Note : ***All sections are compulsory.***

SECTION - A

किन्हीं चार पद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : **[4 × 5 = 20]**

1) ''बोलि विप्र सोधे लगन्न, सुभ घरी परट्ठिय ।
हर बासह मंडप बनाय, करि भांवरि गंठिय ।।
ब्रह्म वेद उच्चरहिं, होम चौंरि जु पत्ति वर ।
पद्मावती दुलहिन अनूप, दूलह प्रथिराज राज नर ।।
दंड्यो साह साहबदीन, अट्ठ सहस हैबर सुबर ।
दै दाँन मान षटभेष को, चढ़े राज दुग्गह जुर'' ।।

2) ''जाका गुरू भी अंधला, चेला खरा निरंध ।
अंधा अंधे ठेलिया, दून्यूँ कूप पडंत ।।
नाँ गुरू मिल्य न सिष भया, लालच खेल्या डाव ।
दून्यूँ बूड़े धार मैं, चडि पाथर की नांव ।।

3) ''भई पुछार, लीन्ह बनवासू । बैरिनि सवति दीन्ह चिलवाँसू ।।
होई खर बान बिरह तनु लागा । जौ पिउ आवै उड़हि तौ कागा ।।
हारिल भई पंथ मैं सेवा । अब तहं पठवौ कौन परेवा ?
धौरी पंडुक कहु पिउ नाऊँ । जौं चित रोख न दूसर ठाऊँ'' ।।

4) ''तन चिकट चीर डारयो उतार ।
मज्जन मयंक नव सत सिंगार ।।
भूषन मँगाय नषसिष अनूप ।
सजि सेन मनो मनमरथ भूप'' ।।

5) ''लूटि सकै तो लूटियो, राम नाम है लूटि ।
पीछे ही पछिताहुगे, यह तन जैहें छूटि ।।
लूटि सकै तो लूटियो, राम नाम भंडार ।
कल कंठ तैं गहैगा, रूँधै दसूँ दुवार'' ।।

6) ''पंच सुर साबद्द बाजित्र बांज,
सहस्सा सठ्त्राय म्रिग मोहि राजं ।
समुद्र सिर सिविर उच्छाह छाहँ,
रचित मंडप तोरनं श्रीयगाहं'' ।।

SECTION - B

किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए : [3 × 10 = 30]

7) कबीर समस्याकर्ता है या समाज सुधारक, इस पर चर्चा कीजिए ।

8) 'पद्मावती समय' का कथ्यात्मक विश्लेषण कीजिए ।

9) विद्यापति पदावली के काव्य–सौष्ठव पर प्रकार डालिए ।

10) मसनवी शैली के कवि जयसी का संक्षिप्त परिचय दिजिए ।

11) चन्दबरदाई के रचना–धर्मिता पर विचार–विमर्श कीजिए ।

SECTION - C

किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **[2 × 15 = 30]**

12) **कबीर के रहस्यवाद पर चर्चा कीजिए ।**

13) **'पद्मावत' महाकाव्य पर एक निबन्धात्मक उत्तर लिखिए ।**

14) **विद्यापति के काव्य के भावपक्ष पर विस्तार से उत्तर लिखिए ।**

15) **कबीर ने मिथ्याडंबरों का खण्डन कैसे किया है? इस पर विचार–विमर्श कीजिए ।**

▽▽▽▽